संसदीय कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF
PARLIAMENTARY AFFAIRS
सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

ई-फा.सं.5/1/2025-यु.स.-II

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

(युवा संसद-II)

विज्ञापन

संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए आयोजित की जाने वाली **18वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2025-26** में भाग लेने के लिए इच्छुक विश्वविद्यालयों/कॉलेजों से **गुरूवार 14 अगस्त, 2025**, तक आवेदन आमंत्रित हैं। युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम की तारीख (तारीखें) और स्थान की सूचना प्रतिभागी संस्थानों को यथा समय दी जाएगी। प्रतियोगिता का पूरा विवरण आधिकारिक वेबसाइट यानी "https://mpa.gov.in/sites/default/files/University2025.pdf" पर उपलब्ध है। अभिविन्यास पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालयों/कॉलेजों द्वारा प्रायोजित प्रतिभागियों को उनकी हकदारी के अनुसार वास्तविक यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते या किफायती श्रेणी (सबसे छोटा मार्ग) में सबसे सस्ते हवाई जहाज के किराए में से जो भी कम होगा, उसकी प्रतिपूर्ति की जाएगी। जो प्रतिभागी अभिविन्यास पाठ्यक्रम में भाग लेंगे, उन्हें बाद में किसी भी समय प्रतियोगिता से अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज, **विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए 18वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2025-26** में भाग लेने के पात्र हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पात्र विश्वविद्यालयों/कॉलेजों को विश्वविद्यालय/कॉलेज के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित दो विधिवत भरे हुए प्रोफार्मा (अनुलग्नक I और II) के साथ **गुरूवार 14 अगस्त, 2025**, तक इस मंत्रालय को आवेदन प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

आवेदन की स्कैन की हुई कॉपी ईमेल- yp2-mopa@gov.in पर भेजी जानी चाहिए, तथा आवेदन की भौतिक प्रति *"अनुभाग अधिकारी, युवा संसद-II अनुभाग, संसदीय कार्य मंत्रालय, 97, संविधान सदन, संसद भवन परिसर, नई दिल्ली - 110001"* को भेज दी जाए। अधिक जानकारी के लिए, युवा संसद-II अनुभाग, संसदीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली से कार्यालय समय के दौरान सीधे संपर्क किया जा सकता है।

युवा संसद-II अनुभाग
संसदीय कार्य मंत्रालय
97, संविधान सदन,
संसद भवन परिसर,
नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 011-23034759
ई-मेल आईडी: yp2-mopa@gov.in

अनुलग्नक -I

विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए 18वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2025-26 हेतु आवेदन

प्रोफार्मा ***(विवरण को टाइप किया जाना चाहिए)***

1.	विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्था का नाम		
	पता	पिन कोड -	
	दूरभाष संख्या		
	ई-मेल		
2.	क्या विश्वविद्यालय/कॉलेज केंद्र सरकार/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त है।		
3.	भाग लेने वाले कॉलेज/संस्था से संबद्ध विश्वविद्यालय का नाम		
	पता	पिन कोड -	
	दूरभाष संख्या		
4.	**युवा संसद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु विश्वविद्यालय/कॉलेज द्वारा नामित समन्वयकर्ता का विवरण**		
	नाम		पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं
	पदनाम		
	संपर्क नंबर (कार्यालय)		
	मोबाइल नंबर (वाट्सऐप)		
	ई-मेल आई.डी.		हस्ताक्षर
	पूरा आधिकारिक पता	पिन कोड -	

(घोषणा)

हमारे विश्वविद्यालय/कॉलेज ने **विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता योजना** की पूरी तरह जांच कर ली है और हम संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगिता के 18वें संस्करण में भाग लेने के इच्छुक हैं। हम इसमें निर्धारित सभी नियमों और शर्तों का पालन करने का वचन देते हैं।

विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्था के डीन/कुल सचिव/प्रधानाचार्य/निदेशक
के हस्ताक्षर मोहर सहित

स्थान:
तारीख:

विश्वविद्यालय के कुलपति/कुल सचिव द्वारा प्रतिहस्ताक्षर
कार्यालय की मोहर सहित

टिप्पणी: कॉलेजों/संस्थाओं से संबंधित आवेदन उनके संबद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति/कुल सचिव द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित और **सरकारी पत्र-शीर्ष पर अग्रेषण पत्र सहित** होना चाहिए अन्यथा उनका आवेदन प्रतिभागिता हेतु मंत्रालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

<u>अनुलग्नक -II</u>

<u>स्वेच्छा प्रमाणपत्र</u>

यदि मुझे योजना में उल्लिखित नियमों और शर्तों पर संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा ग्रुप समन्वयकर्ता नियुक्त किया जाता है तो मैं .... **<u>विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए 18वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2025-26</u>** में ग्रुप समन्वयकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए अपनी सहमति व्यक्त करता/करती हूं।

तारीख:
स्थान:

समन्वयकर्ता के हस्ताक्षर ....
नाम..
संस्था ....
मोबाइल नंबर...........................
टेलीफोन नंबर...........................
ई-मेल......................................

विश्वविद्यालय के कुलपति/कुल सचिव द्वारा प्रतिहस्ताक्षर
कार्यालय की मोहर सहित